मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 190 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
25 दिसंबर 2023
सोमवार

आज का मौसम
22 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

Page- 7

कोरोना वायरस से कई नए खतरे भी

नई दिल्ली। बीते 24 घंटे में कोरोना के देशभर में 236 मामले मिले हैं,जबकि 1 मौतें हुई हैं। लंबे समय के विराम के बाद देश में एक बार फिर कोरोना वायरस ने पैर पसारना शुरू किया है। इस बार रूप नया है, केरल में एक और मौत से देश में टेंशन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए वैरिएंट जेएन.1 के साथ-साथ इन्फ्लुएंजा जैसे सांस संबंधी रोगों के बढ़ते मामलों के चलते निगरानी बढ़ाने और लोगों को अधिक अलर्ट रहने का आग्रह किया है। एक स्टडी ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। स्टडी में दावा किया जा रहा है कि कोरोना आपके गले को भी संक्रमित कर सकता है। इतना संक्रमित कि शायद आपकी आवाज भी जा सकती है। सब वैरिएंट जेएन1 (BA.2.86.1.1) के अभी तक देश में 22 मामले कंफर्म हो चुके हैं।

चुनाव आयोग की लिस्ट से इमरान की पार्टी गायब

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव होने वाले हैं और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक और बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को रजिस्टर्ड पार्टियों की सूची से बाहर रखा है। इससे पहले चुनाव आयोग ने पीटीआई का चुनाव चिह्न 'बल्ला' छीन लिया था। दो बड़े एक्शन के बाद पीटीआई अब नेतृत्व विहीन हो गई है। आधिकारक तौर पर पीटीआई अब इमरान की नहीं रही। इससे पहले आयोग ने खान पर पांच साल चुनाव लड़ने पर बैन लगा दिया था, बाद में कोर्ट ने चुनाव आयोग के आदेश को रद्द कर दिया था।मगर सवाल फिर भी यही है कि वे चुनाव भी लड़ पाएंगे या नहीं।

'सदैव अटल' पर पहुंचे पीएम मोदी-राजनाथ

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 98वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता उनकी समाधि 'सदैव अटल' पर नमन करने पहुंचे। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लिखा कि वाजपेयीजी जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अटलजी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

सालार काफी आगे निकली, डंकी ने भी लगाया जोर

मुंबई । साउथ के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सलार और शाहरुख की डंकी के बीच कमाई की जंग से बाक्स आफिस मालामाल है। एक ही दिन रिलीज यह फिल्में खूब कमा रही हैं। सलार ने तो पहले दिन 90.7 करोड़ का कलेक्शन किया था। आज के ताजा आंकड़ों के मुताबिक रविवार रात तक फिल्म ने 61 करोड़ के आसपास का बिजनेस किया है फिल्म का कुल कारोबार अब 208.05 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं डंकी ने ओपनिंग डे पर 29.2 करोड़ का कलेक्शन किया था फिर थोड़ा पिछडी थी लेकिन इस फिल्म ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को फिल्म ने उछाल लेते हुए 31.5 करोड़ का कलेक्शन किया है।कुल कारोबार 106.43 करोड़ हो गया है।

मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे राज्यपाल, विधायकों को शपथ के लिये फोन पहुंचना शुरू

आज भाजपा विधायकों का बड़ा दिन
12 दिन बाद आकार ले रही सरकार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र की यादव सरकार के मंत्रिमंडल गठन की तारीख व समय तय होते ही रात से भाजपा के गलियारों में जबर्दस्त सरगर्मी है। शाम को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में लगने वाली 'कुर्सियों' से मंत्रियों की संख्या का अंदाजा लगाया जा रहा है। भाजपा के करीब ढाई दर्जन विधायकों के लिये आज क्रिसमम व अटल जी की जयंती वाकई 'बड़ा दिन' बन गया है। जानकार बताते हैं कि सुबह से उन विधायकों को फोन पहुंचना शुरू हो गये हैं,जो शपथ लेने वाले हैं। इनमें कैलाश विजयवर्गीय, अर्चना चिटनिस, कृष्णा गौर,तुलसीराम सिलावट,राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल समेत कई नये पुराने नाम शामिल हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा हाइकमान ने लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कैबिनेट में नये व पुराने नेताओं के बीच संतुलन बनाने के फार्मूले को तरजीह दी है। इस विस्तार में दो दर्जन के आसपास मंत्री बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने सुबह राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की और उन्हें मंत्रियों की सूची सौंपी। कुछ नामों के ऐन वक्त पर कटने-जुड़ने की भी संभावना है। करीब 20 मिनट तक सीएम यादव और राज्यपाल के बीच चर्चा भी हुई। अब दोपहर साढ़े तीन बजे शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे। हालांकि राज्यापाल से मिलकर निकले मुख्यमंत्री यादव ने उन्होंने मंत्रियों के नाम और उनकी संख्या पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने इतना भर कहा कि राज्यपाल नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और सीनियर नेताओं के मार्गदर्शन में नया मंत्रिमंडल प्रदेश की बेहतरी के लिए काम करेगा। राज्यपाल से मिलकर सीएम इंदौर के लिए रवाना हुए। जहां वे हुकुमचंद मिल के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे भोपाल लौटेंगे।

शपथ से पहले मुलाकात...

भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सुबह राजभवन में राज्यपाल से मिलकर उन्हें अपनी कैबिनेट के सदस्यों की सूची सौंपी।

लोकसभा छोड़ने वालों को ईनाम !

*मोहन यादव सरकार में 18 विधायक कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लें सकते हैं। जानकारों की मानें तो आज चार राज्यमंत्री और छह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी शपथ लेंगे। अब तक कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, अर्चना चिटनिस, प्रद्युम्न तोमर, प्रभुराम चौधरी, गोविंद राजपूत, कृष्णा गौर, विश्वास सारंग और इन्दर सिंह परमार ,चेतन कश्यप, संपतिया उईके,इंदर सिंह परमार,एंदल सिंह कंसाना आदि के पास भी शपथ के लिये फोन पहंचने की सूचना है। हालांकि **भाजपा हाइकमान के चौंकाऊ फेकटर** की भी संभावना बाकी हैं। वहीं लोकसभा की सदस्यता छोड़कर जो अन्य नेता विधायक का चुनाव लडकर जीते हैं वे भी मंत्री बनाए जा रहे हैं। इनमें रीति पाठक,उदयप्रताप सिंह की भी लॉटरी लग सकती है।*

25 का अजब संयोग

यह भी अजब संयोग बन गया है कि पांच साल पहले जब मप्र में सत परिवर्तन हुआ था और कांग्रेस की कमलनाथ सरकार बनी थी, तब भी आज के दिन ही यानि 25 दिसंबर को कमलनाथ सरकार के मंत्रिमंडल की हुई शपथ हुई थी। तब राजभवन में 28 मंत्रियों ने शपथ ली थी। हालांकि कांग्रेस की सरकार पंद्रह महीने ही चल सकी थी।

मेरे लिए 4 जातियां सबसे बड़ी : मोदी

हुकुमचंद मिल के मजदूरों को बकाया राशि का भुगतान

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हुकमचंद मिल के मजदूरों को लिक्विडेटर चेक सौंपा। कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल प्रधानमंत्री मोदी ने बटन दबाकर राशि मजदूरों के खातों में ट्रांसफर किया। इस दौरान मोदी ने इंदौर में 'मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में 'मेरे लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और मेरे किसान भाई। गरीबों की सेवा, वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है।' मोदी ने इस कार्यक्रम में कहा कि श्रमिक भाई-बहनों की बरसों की तपस्या, कई वर्षों के संकल्पों और सपनों का साकार होना है। मेरे लिए बहुत ही सम्मान की बात। मध्य प्रदेश में यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। डबल इंजन की नई सरकार को मजदूरों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रदेश की नई टीम ऐसे ही कई उल्लेखनीय कार्य करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने बटन दबाकर सोमवार को 428 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। यादव ने कहा कि मैं खुद मजदूर का बेटा हूं। उज्जैन में भी हुकमचंद मिल के जैसे ही मिल का मामला देख चुका हूं। मजदूरों और उनके परिवार का हाल देख चुका हूं।

राऊत ने इंडिया के घटक दलों पर किया कटाक्ष

क्षेत्रीय दल जागीरें पकड़े बैठे और कांग्रेस से मांग रहे बलिदान

मुंबई , एजेंसी।

शिवसेना सांसद संजय राउत ने इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों पर गहरा कटाक्ष किया है। राउत ने कहा है कि क्षेत्रीय क्षत्रप स्वतंत्रता और लोकतंत्र को बचाने के बलिदान देने को तैयार नहीं हैं। सभी क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी जागीरें संभाले बैठे हैं। जबकि आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा बलिदान देने वाली कांग्रेस आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। कांग्रेस को कोई भी अपने क्षेत्र में घुसने देने को तैयार नहीं है। हालात यह है कि अब तानाशाही के खिलाफ दूसरे स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने की जिम्मेदारी भी कांग्रेस पर आ गई है।

दरअसल राऊत ने दिल्ली में इंडिया अलायंस की तीसरी बैठक के बाद अब शिवसेना के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक कॉलम 'रोक ठोक' में ये टिप्पणियां कीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 'कांग्रेस मुक्त भारत' का विचार पेश किया था लेकिन बीजेपी 'विपक्ष मुक्त भारत' बनाना चाहती है और भारत अभी केवल 10 साल का है। मोदी सरकार ने संसद में सवाल उठाने वाले 143 सांसदों को निलंबित कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी फिर विपक्ष पर आरोप लगाकर लोकतंत्र की मिमिक्री कर रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों को खाली कराकर शासन करना मरघट पर शासन करने जैसा है।

मेट्रो एंकर

अरबपति उद्योगपति ने बच्चे की बात पर कहा...

ऐसे तो मैं दिवालिया हो जाऊंगा...

नई दिल्ली , एजेंसी।



देश के जाने-माने कारोबारी आनंद महिंद्रा अपनी हाजिरजवाबी के लिये बहुत मशहूर हो रहे हैं,खासकर सोशल मीडिया पर। हाल में उनकी एक एक्स पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है।जिसमें उन्होंने लिखा है कि, 'अगर मैंने ऐसा किया, तो फिर मैं दिवालिया हो जाउंगा।' लोग उत्सुकता से उनकी इस पोस्ट की वजह जान रहे है।

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने जो पोस्ट शेयर की है, उसमें एक वीडियो अटैच्ड है। वीडियो में एक मासूम चीकू यादव नामक बच्चा अपने पिता से बात कर रहा है और सबसे खास बात यह है कि वो महिंद्रा की थार एसयूवी को महज 700 रुपये में खरीदने की बात कह रहा है। वो कह रहा है कि थार और एसयूवी 700 एक ही हैं और इन्हें सात सौ रुपये में खरीद सकते हैं।

अपने बच्चे की इस बात पर उसके पिता उसे समझाते हुए कह रहे हैं कि ये गाड़ियां 700 रुपये में नहीं आ सकती है, लेकिन बच्चा है कि अपनी बात पर अड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। 700 रुपये में थार खरीदने की जिद करते इस बच्चे के वीडियो को लाखों में व्यूज मिले हैं। वायरल वीडियो क्लिप को आनंद महिंद्रा के एक दोस्त ने उनके साथ शेयर किया, जिसके बाद महिंद्रा ने प्रतिक्रिया दी।

अरबपति ने बताई अपनी परेशानी

आनंद महिंद्रा ने वीडियो पर रिप्लाई करते हुए लिखा, 'हम बहुत जल्द कंगाल हो जाएंगे।' पोस्ट में महिंद्रा चेयरमैन ने लिखा है कि मेरी दोस्त सोनी तारापोरवाला ने मुझे यह वीडियो भेजा है। मुझे भी इस बच्चे चीकू से प्यार है. मगर, मेरी एक ही परेशानी है कि अगर मैंने यह दावा मान लिया और 700 रुपये में थार बेच दी, तो फिर हम बहुत जल्दी दिवालिया हो जाएंगे।



शहर ने ओढ़ी कोहरे की चादर

राजधानी आज सुबह कोहरे की चादर में लिपटी हुई नजर आई। इससे सुबह दृश्यता काफी कम रही। हालांकि दिन चढ़ते ही धूप भी खिल गई। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे ठंड की भी बढ़ गई है। लोगों ने अलाव का सहारा भी लिया।

शहर के प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ रही आवारा कुत्तों की आबादी

रोज 50 लोगों पर हमला कर रहे आवारा कुत्ते

नगर- निगम ने पकड़ना, नसबंदी करना छोड़ा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शहर के प्रत्येक क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की आबादी बढ़ रही है, जो रोजाना 40 से 50 लोगों पर हमले कर रहे हैं। जख्मी लोग एम्स, हमीदिया, जेपी, बीएमएचआरसी, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत निजी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। एम्स भोपाल में एक दिन में कुत्ते के काटने के औसतन 4 से 6 मरीज पहुंच रहे हैं। प्रशासन को इस बात की चिंता नहीं है, यही वजह है कि ऐसे कुत्तों को पकड़ने, इनकी नसबंदी करने, इन्हें शहर से बाहर करने समेत सभी काम बंद है। आने वाले समय में कुत्तों की वजह से और घटना बढ़नी तय है।

निगम कागजों में पकड़ रहा कुत्ते, कर रहा नसबंदी: इधर भोपाल नगर निगम रोजाना कागजों में कुत्ते पकड़ रहा है, नसबंदी का काम भी जारी है तब भी शहर में आवारा कुत्ते घटने की बजाए बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस अजीब स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारी चुप है।

हमले की मुख्य वजह भोजन की कमी

आवारा कुत्तों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि ये आपस में ही भोजन के लिए लड़ रहे हैं। जिसके कारण इनमें आक्रमता बढ़ रही है, जिसका शिकार आम नागरिकों को होना पड़ रहा है। जानकारों का कहना है कि जब किसी भी जानवर को भरपेट भोजन नहीं मिलता तो उसमें आक्रमक प्रवृत्ति बढ़ती है और वह किसी पर भी हमला कर सकता है। आने वाले समय में यह बढ़ी समस्या बनेगी।

निगम के पास ही है हल

जवाहर चौक निवासी चंदन मरकाम का कहना है कि आवारा कुत्तों से निपटने का हल केवल निगम के पास है। यदि निगम नसबंदी ईमानदारी से कराएं, इनको पकड़ने का इंतजाम हो, दूर छोड़ा जाए तो काफी हद तक मुश्किल कम हो सकती है। ऐसा नहीं किया तो आने वाले समय में ये और बढ़ी चुनौती बनेंगे। जिसके बाद प्रशासन व निगम के अधिकारियों को आम लोगों के गुस्से का सामना भी करना पड़ सकता है।

निगम में ढेरो शिकायतें कार्यवाही नहीं

निगम के पास कुत्तों को पकड़ने से जुड़ी ढेरों शिकायतें हैं लेकिन वह कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। निगम के अधिकारियों का दबी जुंबान में कहना है कि जब भी कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही करते हैं तब–तब इनके हितों में बात करने वाले आ जाते हैं और कार्यवाही का भय दिखाते हैं।

कन्फर्म टिकट उपलब्ध नहीं करवा पा रहा रेलवे

निजी टैक्सी वालों की कमाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नए साल के जश्न को लेकर कई लोग एक से दूसरे स्थानों पर जाने–आने की योजना बना रहे हैं लेकिन रेलवे है कि इन्हें कन्फर्म टिकट उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। इसका फायदा निजी टैक्सी वालों को मिल रहा है। ऐसे लोगों से एक सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रुपये लेकर बुकिंग ले रहे हैं।

अयोध्या नगर क्षेत्र में रहने वाले अशोक कापसे का कहना है कि नए साल पर वह दोस्तों के साथ जम्मू व आसपास की यात्रा करने चाहते हैं लेकिन ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रहे हैं। तत्काल विंडों पर भी गए थे लेकिन वहां भी टिकट नहीं मिल रहा है। कई बार एजेंट टिकट दिला देते थे लेकिन इस बार एजेंट भी मना कर रहे हैं। टैक्सी वाले चार गुना अधिक दाम मांग रहे हैं। यही स्थिति कई लोगों के साथ बन रही है।

रेलवे चलाएं विशेष ट्रेनें

लोगों का कहना है कि ऐसे समय में रेलवे को अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलानी चाहिए, ताकि नागरिकों को सहूलियतें हो। असल में ट्रेन ही एक मात्र जरिया है जो सामान्य किराये पर हजारों किलोमीटर की यात्रा कराता है। वहीं यात्रा जब टैक्सी या निजी साधनों से की जाती है तो हजारों रुपये का खर्च बैठता है, जिसे वहन करना संभव नहीं होता। कई लोग सड़क मार्ग से यात्रा करना उचित भी नहीं मानते, ये ट्रेनों के सफर को भी पसंद करते हैं। ऐसे लोगों को कन्फर्म टिकट नहीं मिलने के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों के पास ये विकल्प

— **रेलवे** के 139 नंबर पर कॉल कर पूछ सकते हैं कि जिस मार्ग पर उन्हें यात्रा करनी है, उस मार्ग पर कोई स्पेशल ट्रेन संबंधित दिनांक को गुजरेगी। — **लोग** एनटीईएस पर स्वयं भी ट्रेनों की और उनमें बर्थ की स्थिति देख सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय कवियों के साथ पाठक का कविता पाठ

भोपाल। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न की कल की शाम हिंदी के मातृत्व और हिंदी की कविता के नाम रही । पूर्वी मेलबर्न के व्यस्ततम सिटी एरिया में स्पेंसर स्ट्रीट स्थित सेंट्रल क्वींसलैंड विश्वविद्यालय (सीक्यूयू) में यह शाम हिंदी के तेज़ी होते विस्तार और हिंदी के कविता पाठ पर एकाग्र थी । इसमें भारत से आए पाँच शीर्ष साहित्यकारों का अभिनंदन किया गया । ये हैं–कवि और पत्रकार पंकज पाठक (भोपाल), पूर्णिमा पाटिल (नागपुर), डॉ. वेद व्यथित (फ़रीदाबाद), डॉ. नीलम भटनागर (आगरा) और डॉ. आनंद शर्मा (रोहतक)।

इन पाँचों की एक विशेषता यह भी है कि ये सभी साहित्य, पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और हिंदी-सेवी हैं ।इसका आयोजन मेलबर्न स्थित भारत के काउंसिलेट जनरल कार्यालय, तीस वर्ष पुराने साहित्यिक संस्था ÷साहित्य संध्या÷ हिंदी शिक्षा संघ ने मिलकर किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सहित्य संध्या के प्रमुख और हिंदी के साहित्यकार एवं वैज्ञानिक प्रो. सुभाष शर्मा ने कहा कि यहाँ पर हिन्दी का एक अच्छा वातावरण तैयार हो गया है ।

ग्राहक बुलाने को लेकर हुआ था विवाद

बैरागढ़ शॉपिंग काम्प्लेक्स में युवक की हत्या

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बैरागढ़ के संत हिरदाराम शॉपिंग काम्प्लेक्स में विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। विवाद ग्राहक को बुलाने को लेकर हुआ था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंकित ठाकुर (26) माया लहंगा और शुभ मंगल पर भरत प्रियानी काम करता करते थे। दोनों दुकानों पर साड़ी और लहंगा बेचते है। दोनों के बीच ग्राहक को बुलाने लेकर विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ गया कि अंकित ठाकुर अपनी जान गंवानी पड़ी।

भारत और अंकित के बीच विवाद हुआ भरत प्रियानी ने बाहर से लड़के बुलाकर अंकित ठाकुर पर धारदार हथियार से वार कर दिया जिसके कारण अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अंकित सिंह राजपूत के मित्रों द्वारा शॉपिंग कांप्लेक्स के अंदर घुसकर तो? फो? की, जिस दुकान पर भरत पिरयानी काम करता था उस दुकान को बंद करवाने की मांग कर रहे थे। घटना के समय ग्राहकी थी, घटना के बाद काम्प्लेक्स में अफरा तफरी मच गई थी।

प्रेम प्रकाश आश्रम, सत्संग हॉल का भूमि पूजन संपन्न

हिरदाराम नगर। प्रेमप्रकाश आश्रम संतनगर में प्रेमप्रकाश नवीनआश्रम सत्संग हाल के लिए भूमिपूजन आयोजित हुआ। सुबह 9 बजे स्वामी भगत प्रकाशजी भूमिपूजन किया। विधायक रामेश्वर शर्मा भी मौजूद रहे। भूमिपूजन के बाद सत्संग कार्यक्रम हुआ। आश्रम के सेवाधारी बसंत चेलानी, मनोहर लालवानी, लक्ष्मण लालवानी, मनोज लालवानी, अर्जुन बेलानी, नारायणदास लालवानी व अनय ने संत्सग में उपस्थित हुए।

अटलजी के संकल्प को किया साकार मोदी ने, दिया राम मंदिर को आकार

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 98वीं जयंती की पूर्व बेला में सिंधु सेना द्वारा 98 कन्याओं को तुलसी का पौधा एवं श्री राम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट भेंट किए गए।

इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने कहा भारत रत्न अटलजी की भविष्यवाणी सत्य हो रही है और देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्थक प्रयासों से राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है जिसका लोकार्पण आगामी 22 जनवरी 2024 को किया जा रहा है , आज कन्याओं को श्री राम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं तुलसी जी का पौधा घर घर लगाकर संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भगवानदास ढालिया , नरेंद्र ठाकुर, सुनील सराठे, राजकुमारी डागोर, सुकांती ठकुरिया,पी सी कनरजी ,निक्की ठाकुर, प्रभात मालवीय, चंदू यादव उपस्थित थे ।

सिद्धभाऊजी के जन्म दिन पर कैलेंडर का विमोचन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत के सभागार में 2024 के कैलेंडर व सिद्धभाऊजी के जन्म दिवस पर विशेषांक का विमोचन किया गया। मासिक पत्रिका मून लाइट ने इसका प्रकाशन किया है। समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, मुकेशजी महाराज ने कैलेंटर का विमाचन किया। कार्यक्रम में माधु चंदवानी, नन्द दादलानी, घनश्याम लालवानी, रामचंद चोटवानी, बाबूलाल चोटरानी, अशोक चंदनानी, अनिल नायर, दौलत दौलतानी, अर्जुनदास गुरबाणी, रतनलाल गनवानी, लाल जेसवानी, गुलाब जेठानी, अशोक तनवानी व अन्य लोग शमिल हुए। हीरो ज्ञानचंदानी, साबू रीझवानी ने कहा कि आज के दौर विशेषांक का प्रकाशन और निशुल्क कैलेंडर उपलब्ध कराना मुश्किलभरा काम है। प्रकाशन के लिए मून लाइट टाइम्स सम्पादक हीरानंद गनवानी बधाई के पात्र हैं।

मेट्रो एंकर

यात्रा माता मंदिर न्यू मार्केट से होते हुए प्लेटिनम प्लाजा में समाप्त हुई

तुलसी पूजन : प्रचार के लिए निकाली संकीर्तन यात्रा

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

हिन्दू धर्मशास्त्रों में तुलसी का विशेष महत्व होता है। अनादिकाल से तुलसी पूजा की परंपरा चली आ रही है। संत श्री आशारामजी बापू द्वारा 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मनाने की शुरुआत 2014 में की गई। पूरे देश मे बापू के सभी आश्रमों के अलावा अनेक संस्थाओं द्वारा 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। भोपाल में संत आशारामजी बापू के भक्तों द्वारा तुलसी पूजन दिवस के प्रचार हेतु संकीर्तन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा माता मंदिर न्यू मार्केट से निकाली गई। यात्रा टी टी नगर थाना, जवाहर चौक, जी टी बी काम्प्लेक्स, रोशनपुरा होते हुए प्लेटिनम प्लाजा में समाप्त हुई। समापन के पश्चात आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। इस यात्रा में सजे हुए रथ, कारे, बाइक, के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे। बापू के साधक श्री अशोक मालवीयजी ने बताया कि ऐसी यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है एवं 25 दिसंबर को तुलसी पूजन का एक विशाल कार्यक्रम करके तुलसी पूजन दिवस दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष तुलसी पूजन दिवस का कार्यक्रम आशिमा मॉल, होशंगाबाद रोड़, में किया जाएगा जो कि शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। तुलसी पूजन के पश्चात सभी को तुलसी के पौधे वितरित किए जाएंगे।

वर्ष-07, अंक - 190 दिनांक 25 दिसंबर 2023 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

श्रमिकों के हितों के लिए संकल्पित
मध्यप्रदेश सरकार

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित" कार्यक्रम

गरिमामयी उपस्थिति

प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

अध्यक्षता

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

25 दिसम्बर 2023 । प्रात : 11.00 बजे से
कनकेश्वरी धाम ग्राउंड, इंदौर

"32 वर्षों से लंबित श्रमिकों की बकाया राशि के भुगतान के मध्यप्रदेश सरकार के निर्णय से मिल मजदूरों को बड़ी राहत मिली है।
श्रमिकों का जीवन रोशन करने का हर संभव कदम उठाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D11156/23

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in DDNEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

सुविचार

वक्त बीतने
के बाद
अक्सर अहसास
होता है, जो छूट
गया वो लम्हा
बेहतर था।

- अज्ञात

संपादकीय

दोनों पक्षों के बीच भरोसा बढ़े

भारतीय संसद द्वारा बीते दिनों पारित नए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लेकर काफी चर्चा है। यह पुराने भारतीय दंड संहित (आईपीसी) का स्थान लेगा। इस बिल में एक बदलाव ऐसा भी है जो डॉक्टरों के लिए राहत की बात हो सकती है, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि यह जरूरी नहीं था। बीएनएस की धारा 106 में लापरवाही से हुई मौत के लिए अधिकतम 5 साल की जेल और जुर्माना का प्रावधान है। हालांकि, इलाज में लापरवाही के मामले में इस सजा को कम करके अधिकतम दो साल की जेल और जुर्माना कर दिया गया है।हालांकि आज भी लगभग सभी लोग जो अस्पताल में डाक्टर के पास पहुंचते हैं, वे डाक्टर को ही भगवान मानते हैं, पूरी तरह से उनकी सलाह पर आश्रित हो जाते हैं, यद्यपि डाक्टर भी भरसक अपनी जवाबदेही को निभाने की कोशिश करते हैं। कुछ मौके पर मरीज का मामला बिगड़ने पर विवाद की स्थिति बनती है। हालांकि निजी अस्पतालों के प्रति बढ़ती निर्भरता के चलते कई बार निजी अस्पताल में मरीज को परेशान करने या इलाज के नाम पर काफी लंबा उपचार करने जैसे मामले आते रहे हैं। यही बात डाक्टर के पवित्र पेशे और व्यावसायिकता पर बहस खड़ी करती है। बहरहाल, मेडिकल नेग्लिजेंस कानून की तीन धाराओं के तहत आती है। इन धाराओं की व्याख्या कोर्ट के फैसलों से हुई है, जिनमें दो सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण फैसले शामिल हैं। कोर्ट के फैसलों ने डॉक्टरों को लापरवाही के झूठे आरोपों से बचाने के लिए कई सुरक्षा कवच दिए हैं। एक महत्वपूर्ण फैसले में मेडिकल नेग्लिजेंस और पेशेवर लापरवाही के बीच अंतर बताया गया है। इसमें कहा गया था कि थोड़ी लापरवाही या गलत फैसला लापरवाही का सबूत नहीं है। इन सिद्धांतों को दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य फैसले में दोहराया गया था। मेडिकल प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता के कारण डॉक्टरों को मुकदमे दर्ज होने से भी बचाया गया है। उदाहरण के लिए, बिना किसी योग्य डॉक्टर की राय के कोई निजी शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती। अगर शिकायत दर्ज हो भी जाती है तो जांच अधिकारी को भी अलग से चिकित्सकीय राय लेनी पड़ती है। डॉक्टरों की गिरफ्तारी अपवाद है, नियम नहीं। मौजूदा कानून और फैसले पहले से ही डॉक्टरों को लापरवाही के आरोपों से काफी सुरक्षा देते हैं। लापरवाही का मामला बनाना मुश्किल है और सफलतापूर्वक मुकदमा चलाना और भी मुश्किल। ऐसे में एक दुर्लभ मामले में जहां डॉक्टर को लापरवाही का दोषी पाया जाता है, वहां उनके लिए सजा कम करने की आईएमए की मांग का कोई मजबूत आधार नहीं दिखता है। शायद भविष्य में बीएनएस में एक और संशोधन के जरिए इस पर पुनर्विचार किया जाए लेकिन इससे भी जरूरी यह है कि डाक्टरों और मरीजों के बीच परस्पर विश्वास का माहौल पैदा करने के लिये प्रशासन भी जरूरी भूमिका निभाने का यत्न करे।इसके लिये निजी व सरकार अस्पतालों के प्रबंधन को चुस्त बनाया जाए और खास तौर पर सरकारी अस्पतालो में डाक्टरों पर बढते बोझ को भी कम करने के लिये स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर ध्यान दिया जाए।

अटल पथ से अजेय मोदी युग में सामाजिक आर्थिक क्रांति के अभियान

आलोक मेहता

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन (25 दिसम्बर) पर स्मरण करते हुए सबसे बड़ा सवाल यही दिमाग में आता है कि उनकी निष्ठा , तपस्या और त्याग से खड़ी हुई भारतीय जनता पार्टी और उनके पसंदीदा नेता नरेंद्र मोदी सत्ता में आकर अटल पथ से भारत में राजनीतिक सामाजिक आर्थिक क्रांति के अभियान में कितने सफल हो रहे हैं। हर परिवार में उत्तराधिकारी से यही अपेक्षा रहती है । 2001 में अटलजी ने तेज तर्रार लेकिन संगठन , समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित नरेंद्र मोदी को सत्ता के किसी भी पद का अनुभव न होने के बावजूद नेतृत्व के लिए योग्य माना । इस दृष्टि से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर 2014 से प्रधान मंत्री बने नरेंद्र मोदी ने लगभग दस वर्षों के दौरान सुदूर ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर महानगरों के जनजीवन में कायाकल्प के साथ विश्व के संपन्न और विकासशील देशों के बीच भारत की जयकार करवाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर ली है।



पहले कुछ बातें अटलजी के मन , विचार और व्यवहार की । अटलजी से मेरा पहला परिचय 1972 में हुआ , जब मैं एक समाचार एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार में संवाददाता था । जनसंघ के गिने चुने सांसद , प्रखर वक्ता होने के साथ बेहद सरल स्नेहिल व्यवहार वाले वरिष्ठ नेता थे । तब वह 1 फ़िरोज़ शाह रोड की कोठी में रहते थे । संयोग और सौभाग्य से मैं सड़क के दूसरे छोर 5 विंडसर प्लेस (जहाँ अब महिला प्रेस क्लब है) पर अपने उज्जैन के राज्य सभा सांसद सवाई सिंह सिसोदिया के बंगले के एक हिस्से में रहता था । उन दिनों सामने के बंगले तक फोन से संपर्क थोड़ा कठिन था । राजनीतिक गतिविधियों के लिए नेताओं से मिलना अधिक कठिन नहीं था । इसलिए जब भी ावबसर मिला , अटलजी से चाय के साथ लम्बी चर्चा के अवसर मिले । ताज़ी ख़बरों से अधिक उनके विचार सुनने समझने का लाभ मिला । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिन्दू दर्शन से पूरी तरह जुड़े अटलजी असहमतियों वालों के प्रति पूरा सद्भाव सम्मान रखते थे। मध्य प्रदेश की पृष्ठभूमि होने के कारण डॉक्टर शर्मा से सत्ता की और अटलजी से विपक्ष की राजनीति के कई आंतरिक समीकरणों को समझने का लाभ पत्रकारिता में मिला ।

राजनीति के कितने ही रंग इन पचास वर्षों में देखने को मिलते रहे हैं । सबसे दिलचस्प बात यह है कि नरेंद्र मोदी अटल अडवाणी जोशी त्रिमूर्ति की पसंद से आगे बढ़ते रहे । यही नहीं उन तीनों की तरह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और संगठनात्मक कार्यों में सर्वाधिक सफल रहे । यों 1993 में मैंने अपनी एक पुस्तक राव के बाद कौन के एक अध्याय के लिए अटलजी से लम्बी बातचीत की थी , तब उन्होंने कहा था - मैंने बहुत प्रतीक्षा कर ली । मुझे यह भी शक है कि मैं इतना बड़ा दायित्व संभाल सकता हूँ । मैं स्वीकार करता हूँ कि मैं सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाने में अक्षम भी हूँ । उनकी स्वीकार्यता में आदर्शों और जीवन मूल्यों की ध्वनि थी । तभी तो पहले उन्हें 13 दिन , फिर 13 महीने और बाद में जाकर 5 वर्ष प्रधान मंत्री के रूप में गठबंधन की सरकार को बनाए रखने के लिए कई बार समझौते करने पड़े । लेकिन उन्होंने सत्ता की राजनीति को नई दिशा दी । वर्षों तक स्वयंसेवकों , कार्यकर्ताओं और सामान्य जनता के बीच काम करने से वह समस्याओं को अच्छी तरह समझते थे । तभी तो उन्होंने सडकों के जाल बिछाकर शिक्षा , स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ग्रामीण शहरी क्षेत्रों के विकास के कार्यक्रमों पर सर्वाधिक जोर दिया । संचार , परमाणु परीक्षण के साथ ऊर्जा उत्पादन , समाचार माध्यमों में नए टी वी समाचार चैनलों को अनुमति देने जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन शुरू किया। कम्युनिस्ट विचार धारा और पाकिस्तान के आतंकवादी प्रयासों और हमलों के विरुद्ध कड़े रुख के बावजूद पाकिस्तान तथा चीन से सम्बन्ध सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किए । लाहौर बस यात्रा के बावजूद पाकिस्तान से धोखा ही मिला । हाँ कारगिल में पाकिस्तान को शिकस्त देने का श्रेय अवश्य मिला । उनके उत्तराधिकारी नरेंद्र मोदी ने उसी रास्ते को अपनाकर न केवल पाकिस्तान बल्कि चीन को भी सीमाओं पर करारा जवाब देने में सफलता प्राप्त की । वहीँ देश भर में सड़कों , रेल सेवा , हवाई अड्डों के निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए । अमेरिका , रुस , यूरोप , अफ्रीका ही नहीं इस्लामिक अरब देशों के साथ राजनयिक आर्थिक संबंधों के तार मजबूत कर दिए । यही नहीं अटलजी संसद से सड़क तक जिस धारा 370 से कश्मीर को मुक्त कराने , राम जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर बनाने के लिए संघर्ष करते रहे , उस सपने को मोदी ने पूरा किया है । इसी तरह संचार सुविधा , ग्रामीण लोगों के सामाजिक आर्थिक जीवन में व्यापक बदलाव , रोटी कपड़ा मकान के अटल युग के नारे यानी उनके प्रेरक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनों को साकार करने के लिए मोदी ने दस वर्षों में अनेक कार्यक्रमों को आगे बढाकर गांवों और आदिवासी इलाकों के सामाजिक आर्थिक विकास के हर संभव दरवाजे खोल दिए हैं।

इसी तरह व्यापक आर्थिक सुधारों के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जनता पार्टी सरकार में विदेश मंत्री रहते या प्रधान मंत्री के रूप में कदम उठाने के लिए प्रयास करते रहे । आख़िरकार बिड़ला , टाटा , हिंदुजा , अम्बानी , अडानी के औद्योगिक समूहों के साथ अमेरिका , रूस , जर्मनी , जापान , ब्रिटैन , फ़्रांस ही नहीं इस्लामिक खाड़ी के देश संयुक्त अरब अमीरात और ईरान से आर्थिक सम्बन्ध बढ़ाने की पहल हाल के वर्षों में सफल हो रही है । अटलजी से 1978 से 2003 के बीच मुझे कई बार अनौपचारिक बातचीत अथवा औपचारिक इंटरव्यू के अवसर मिले । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था - सत्ता में रहने वाली हर पार्टी या गठबंधन और उससे जुड़े नेता को स्थायित्व के साथ विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए । राजनैतिक लड़ाइयां जनता की अदालत में लड़ी जानी चाहिए । आर्थिक सामाजिक विकास की योजनाओं , भ्रष्टाचार पर अंकुश , प्रशासन में कसावट तथा पारदर्शिता और चुनाव सुधारों के लिए निरंतर प्रयास होने चाहिए। एक हद तक उनके लक्ष्य के अनुरूप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कई कदम उठाए हैं ।

अटल पेंशन योजना अथवा हिमाचल से लद्दाख को जोड़ने वाली सुरंग सड़क योजना जैसे कार्यक्रम में उनका नाम जुड़ा है । दूसरी तरफ ब्रिटिश काल के कानूनों में व्यापक परिवर्तन के लिए लगभग चार वर्षों की लम्बी तैयारी और पचासों विधिवेत्ताओं - न्यायाधीशों की सलाह से नई न्याय संहिता वाले नए कानूनों को संसद से स्वीकृति करा ली है । इसमें सामान्य जनता को सुगम और समय पर न्याय दिलाने के साथ बलात्कार , सामूहिक हत्या के गंभीर अपराधों के लिए मृत्यु दंड एवं भारत विरोधी अलगाववादी आतंकवादी तत्वों पर कठोरतम कानूनी शिकंजे - सजा का प्रावधान कर दिया है । इस दृष्टि से अटलजी द्वारा भारत के उज्जवल भविष्य के लक्ष्य को मोदी ने आने वाले वर्षों में भारत को विश्व मंच पर पहली पायदान में ले जाने का इंतजाम कर दिया है ।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत के सशक्त कानून

विष्णुदत्त शर्मा



केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने संसद के दोनों सदनों में आपराधिक न्यायिक प्रणाली में सुधार के तीन विधेयक प्रस्तुत किये एवं दोनों सदनों में यह विधेयक ध्वनिमत से पारित होने के पश्चात् एक नए युग की शुरुआत हो गयी है।

भारत में अब भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 जो आईपीसी, 1860 को प्रतिस्थापित करेगा

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 जो सीआरपीसी, 1898 को प्रतिस्थापित करेगा

भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 जो साक्ष्य अधिनियम, 1872 को प्रतिस्थापित करेगा।

इन विधेयकों की शुरूआत ऐसे समय में हुई है जब विश्व तेजी से तकनीकी प्रगति, सामाजिक परिवर्तन और विकसित हो रहे वैश्विक मानकों को देख रहा है। ब्रिटिश काल के दौरान बनाए गए मौजूदा कानूनों कि अक्सर पुराने होने और समकालीन जरूरतों के अनुरूप नहीं होने के कारण आलोचना की जाती रही है। नए कानून 21वीं सदी के साथ कानूनी प्रणाली को संरेखित करने की मोदी सरकार कि मंशा को दर्शाते हैं, जिसमें नागरिक-केंद्रित कानूनी संरचनाओं, लिंग तटस्थता, डिजिटल परिवर्तन और सजा के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया गया है। इन परिवर्तनकारी कानूनी सुधारों का उद्देश्य भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को नया आकार देना, नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय के कुशल प्रशासन को सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व एव हमारे केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के दृढ़ संकल्प शक्ति का परिणाम था कि सभी हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के बाद इन कानूनों को लाया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से देश के नाम अपने सम्बोधन में कहा था कि ÷ ...ये समय गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर, अपनी विरासत पर गर्व करने का है÷ और आजादी के अमृतकाल में भारत ने संकल्प लिया है कि उन सभी गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति पाना है। वास्तव में भारत की प्राचीन सभ्यता में अपराधियों को दंड देने के बजाय पीड़ित को न्याय देने का प्रचलन था किन्तु औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों ने अपनी सत्ता स्थायी रखने के उद्देश्य से भय प्रस्थापित करने हेतु दंड को प्राधान्य दिया था।



इन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में राजद्रोह को निरस्त कर देशद्रोह को स्थापित करना, मॉब लिंचिंग के खिलाफ एक नया प्रावधान, नाबालिगों के बलात्कार के लिए मृत्युदंड, आतंकवाद की परिभाषा और छोटे अपराधों के लिए पहली बार सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में सम्मिलित किया है। इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, हत्या और राज्य के खिलाफ अपराधों को प्राथमिकता दी गई है। अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता और एकता को खतरे में डालने वाले कृत्यों पर नए अपराध जोड़े गए हैं। मुख्यतः यह विधेयक मानव केंद्रित न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे और अब लोगां को ÷तारीख पर तारीख÷ से मुक्ति मिलेगी। यह नए कानून भारतीय आत्मा से ओत-प्रोत हैं और इनका उद्देश्य संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना और न्याय प्रदान करना है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयकों की शुरूआत भारत की कानूनी प्रणाली के लिए अत्यधिक महत्व रखती है जिससे निम्नलिखित संकल्प पूर्ति का लक्ष्य है ॅ

आधुनिकीकरणः यह कानून औपनिवेशिक विरासत से प्रस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं, ऐसे प्रावधान प्रस्तुत करते हैं जो समकालीन सामाजिक मूल्यों और तकनीकी प्रगति को दर्शाते हैं। डिजिटल अपराधों और साक्ष्यों को मान्यता देकर, नए कानून 21 वीं सदी की वास्तविकताओं को दर्शाते हैं, जिससे भारत की कानूनी प्रणाली का आधुनिकीकरण होता है। **दक्षताः** कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देकर, इन कानूनों का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया की दक्षता को बढ़ाना, देरी को कम करना और त्वरित न्याय को सुनिश्चित करना है।

नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोणः नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और जीवन में सुगमता सुनिश्चित करने पर जोर देने के साथ ही इनका लक्ष्य दंड से न्याय पर लक्ष्य केंद्रित करना है।

वैश्विक मानकों के अनुरूपः यह आपराधिक न्यायिक प्रणाली के सुधार भारत की कानूनी प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि यह कानून अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम क़ानूनी प्रथाओं के अनुरूप हैं। गौरतलब है आपराधिक न्यायिक प्रणाली में सुधार की यह प्रक्रिया वर्ष 2019 में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई जिसमें विभिन्न हितधारकों से इस संदर्भ में सुझाव मांगे गए। गृह मंत्री जी ने सितम्बर 2019 में सभी राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों/प्रशासकों को पत्र लिखा था। जनवरी 2020 में भारत के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, बार काउंसिलों और विधि विश्वविद्यालयों और दिसम्बर 2021 में संसद सदस्यों से भी सुझाव मांगे गए। बीपीआरडी ने सभी आईपीएस अधिकारियों से सुझाव मांगे। मार्च 2020 को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली के कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की गई जिसे कुल 3200 सुझाव प्राप्त हुए थे। साथ ही 18 राज्यों, 06 संघ राज्य क्षेत्रों, भारत के सर्वोच्च न्यायालय, 16 उच्च न्यायालयों, 27 न्यायिक अकादमियों-विधि विश्वविद्यालयां, पुलिस बलों ने भी अपने सुझाव दिए है। गृह मंत्री अमित शाह जी ने 158 व्यक्तिगत बैठकें की, तत्पश्चात इन सुझावों पर गृह मंत्रालय में गहन विचार-विमर्श किया गया और इसी के परिणाम स्वरूप यह तीन कानून बने हैं। हम यह कह सकते हैं कि सरकार ने व्यापक चर्चा उपरांत जनआकांक्षाओं का सम्मान कर इन कानूनों को लाया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार पिछले साढ़े 9वर्षों में, हमारी संस्थाओं और प्रणालीगत कानूनों को पुनर्जीवित करने के मिशन पर कार्य रही है, जो 19 वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन और उनके प्रतिनिधियों द्वारा हमारे प्राचीन सभ्यतागत सोच विचार को ब्रिटिश शासन के अधीन एवं राज्य चलाने के उद्देश्य से बनाये गए थे। निश्चित रूप से यह नए कानून हमारी कानूनी आत्मनिर्भरता के युग की शुरुआत है एवं इन कानूनों के पारित होने का सुखद अनुभव वास्तव में हमें दासता से मुक्ति का बोध कराता है।

लेखक भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

निशाना

खूब हो रही बैठक !

- कृष्णेन्द्र राय

चिंतन मंथन चल रहा ।
हो कैसे सुधार ?
रूठ गई है जनता ।
ना करती उपकार ।।
कायाकल्प हो पुनः ।
है ऐसा प्रयास ।।
जनता को नहीं आया पर ।
कार्यशैली रास ।।
खूब हो रही बैठक ।
नहीं निकलता हल ।।
ले रहे संकल्प ।
उत्तम करना कल ।।
कहां हो रही ग़लती ।
नहीं समझ ये आया ।।
है लेकिन ये सत्य ।
हो रहा सफाया ।।

आज का इतिहास

- **2012** - दक्षिणी कज़ाकिस्तान के शिमकेंट शहर में एन्टोनोव कम्पनी का एएन-72 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई।
- **2007** - कनाडा के प्रसिद्ध जॉज पियानोवादक और संगीतकार आस्कर पीटरसन का निधन।
- **2005** - मॉरीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त डोडो पक्षी का दो हज़ार वर्ष पुराना अवशेष मिला।
- **2002** - चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता।
- **1998** - रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- **1991** - राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त।
- **1977** - हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन।
- **1974** - रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण।
- **1962** - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- **1947** - पाकिस्तानी सेना ने झनगड़ को कब्जे में ले लिया था।
- **1946** - ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया।
- **1924** - पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस कानपुर में संपन्न।
- **1892** - स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की।
- **1771** - मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे।
- **1763** - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या।
- **1978** - मनोज कुमार चौधरी, सेप कोन्सुल्तंत इंजिनियर का जन्म प्रयाग (इलाहाबाद) में हुआ।
- **1970** - इम्तियाज़ अनीस - भारतीय घुड़सवार खिलाड़ी रहे हैं।
- **1959** - रामदास आठवले - भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो महाराष्ट्र से हैं।
- **1952** - अजॉय चक्रवर्ती - भारतीय हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार, गीतकार, गायक और गुरु हैं।
- **1944** - मणि कौल, फ़िल्म निर्देशक।



समाज में बेटियों की स्थिति और महत्व को दर्शाता नाट्य महोत्सव का हुआ समापन

नाटक की प्रस्तुतियां देख मंत्र मुग्ध हुए दर्शक

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

सिवनी मालवा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से कर्मवीर जन शिक्षण एवं संस्कृति समिति द्वारा ग्राम डोलरिया में दो दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में दर्शकों ने नाटकों का आनंद लिया।जिला जनपद सदस्य शिवा राजपूत , भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी चंदन सिंह परिहार, अनिल बुंदेला, नीरज सिंह चौहान, नंदकिशोर सिंह राजपूत नंदू सेठ, ब्रजकिशोर पटेल भगत सिंह राजपूत अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर नाट्य समारोह का शुभारंभ किया।

दो दिवसीय नाट्य समारोह में चार नाटक की प्रस्तुतियां हुई। क्रमशः गुड़िया का जीवन, मैं भी मां बन गया बहू की विदा प्रेमचंद के फटे जूते और मेरी कहानी ।पहले दिन की दो परिस्थितियां समाज में बेटियों की स्थिति और महत्व को दर्शाती हैं साथ ही नाटक हास्यप्रद होने के कारण दर्शकों को मनोरंजित भी करता है जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया और सराहना की। दूसरे दिन भूमिका ग्रुप द्वारा नाटक प्रेमचंद के फटे जूते और मेरी कहानी एवं ग्रीन प्वाइंट स्कूल के छात्रो द्वारा बहुत सुंदर प्रस्तुति बहू की विदा नाटक का मंचन किया गया। कर्मवीर जन शिक्षण एवं संस्कृति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम महोत्सव की सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहे ऐसी कामना के साथ सभी कलाकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महोत्सव में कलाकारों ने शामिल होकर प्रतिभागिता की और सभी दर्शकों ने सराहना की।

यादगार संस्था द्वारा किया गया समाज सेवियों का सम्मान

नर्मदापुरम। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था यादगार द्वारा रविवार को स्थानीय गार्डन में शाम ए यादगार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर सीता शरण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी आनंद नामदेव उमाशंकर चौबे रामकिशोर नाविक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के जिला अध्यक्ष अरुण दीक्षित सहित अशोक बुदौलिया के एन त्रिपाठी सुरेंद्रजीत सिंह भागचंद बरगले सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

देश की सेवा कर रहे सैनिकों का सम्मान कर मनाया गौरव दिवस

सिवनी मालवा। ग्राम पंचायत मालापाट में देश की सेवा कर रहे सैनिको का सम्मान कर गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच चन्द्रशेखर व्यास ने बताया कि हमारे ग्राम के गौरव भारतीय सेना में पदस्थ सैनिकों में पैरा कमांडो आशीष व्यास और अमित लोवंशी को ग्राम के गौरव पद से सम्मानित किया गया। इन दोनों वो छुट्टी पर अपने ग्राम आए हुए हैं साथ ही की देश की रक्षा में तैनाती पर है ग्राम जोंधल के सुरेन्द्र उईके और ओम प्रकाश धुर्वे भी फौज में शामिल हैं उनके परिवार वालों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच रामसेवक , जनपद सदस्य जगदीश उइके, देवेंद्र उपाध्याय, सचिव ओम देव काजले अनिरुद्ध शर्मा सुनील साध राजेंद्र व्यास, प्रकाश व्यास अवधेश व्यास रामविलास साध जगदीश प्रसाद लोवंशी ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए।सरपंच चंद्रशेखर व्यास जी ने सबका आभार व्यक्त किया एवम फूलमाला और स्वल्पाहार से सबका स्वागत किया।

महेश गोयल बने राष्ट्रीय सचिव

सिवनी मालवा। मां नर्मदा परिक्रमा बाशियो की सेवा कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाले महेश गोयल को सिवनी मालवा नर्मदापुरम को अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के राष्ट्रीय संयोजक सतीश चौबे की अनुशंसा एवं मनीषा पटेल राष्ट्रीय समन्वयक की सहमति अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ में राष्ट्रीय सचिव के, पद पर मनोनीत किया गया है। श्री गोयल को अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव बनने पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन, वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार विजय सिंह ठाकुर, संतोष सिंह चंदेल, अजय सिंह ठाकुर, नंदकिशोर व्यास, करण सिंह ठाकुर, राजा तिवारी, के.के.यदुवंशी, वीरेंद्र तिवारी, मनमोहन राठौर, अनिल अग्रवाल शिवपुर, प्रफुल्ल तिवारी होशंगाबाद, एडवोकेट अजीत सिंह राजपूत, संदीप सिंह तंवर,सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाइयां दी।

संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया स्वागत

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम पांजराकला में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पांजराकला सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजराकला और मेहराघाट में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कजली और बाबरी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सांडियां और माथनी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरारैयत और झुंकर, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरधा और मेहरगवां, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगाखेड़ाकला और कद्धेया में पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।25 दिसंबर को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहरागांव और सोनासावरी में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत निपनिया और झकलाय, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरेलाकिशोर और खेरा, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेली और ताकू, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत ईशरपूर और गरधा तथा जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़ावन और मोहसा में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान 5 जनवरी को

नर्मदापुरम। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। पंचायतों उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जायेगी।

अमर गायक मोहम्मद रफी तुम मुझे यूं भुला न पाओगे...

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की जयंती पर संगीत प्रेमियों ने उन्हें याद किया

भारतीय सिनेमा के मशहूर गायक संगीत प्रेमियों के दिलों में बरसों राज करने वाले अमर गायक मोहम्मद रफी की जयंती पर शहर में संगीत प्रमियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसंबर को 1924 को अमृतसर के पास कोटला सुल्तान सिंह नामक स्थान पर हुआ.बाद में वह अपने परिवार के साथ लाहौर में आकर बस गए. मोहम्मद रफी ने फिल्मों के अलावा गैर फिल्मी गीत भी काफी गाए हैं. हिंदी के अलावा पंजाबी सहित अन्य भाषाओं में भी मोहम्मद रफी के गाने सुने जाते हैं. सन 1944 में पंजाबी फिल्म गुल बलोच में उन्होंने पहला गाना गया. हिंदी फिल्मों में संगीतकार नौशाद के निर्देशन में उन्होंने अनमोल घड़ी में पहला गाना गया जो काफी मशहूर हुआ.अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले उन्होंने फिल्म आसपास के लिए गीत रिकार्ड किया।

भारत भूषण दिलीप कुमार शम्मी कपूर राजेंद्र कुमार देवानंद राजेश खन्ना अमिताभ बच्चन विनोद खन्ना सहित अन्य फिल्म कलाकारों पर उनकी आवाज खूब खिलती थी. संगीतकार नौशाद शंकर जय किशन कल्याण जी आनंद जी आरडी बर्मन लक्ष्मीकांत प्यारेलाल मदन मोहन जयदेव जैसे महान संगीतकारों के निर्देशन में उन्होंने हजारों की संख्या में जीत गाए।

मोहम्मद रफी के कुछ यादगार गीत

मोहम्मद रफी ने हजारों की संख्या में गीत गाए जिनमें फिल्म तकदीर का गीत जब-जब बहार आई और फूल मुस्कुराए मुझे तुम याद आए, फिल्म पगला कहीं का ÷तुम मुझे यूं भुला न पाओगे जब कभी सुनोगे गीत मेरे संग संग तुम भी गुनगुनाओगे, फिल्म चौकीदार ÷यह दुनिया नहीं जागीर किसी की, फिल्म बैजू बावरा का अमर गीत ÷ओ दुनिया के रखवाले सुन दर्द भरे मेरे नाले, फिल्म झुक गया आसमान का गीत 'कौन है जो सपनों में आया कौन है जो दिल में समाया' फिल्म सिकंदर-ए आजम का राष्ट्रीय गीत ,जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देश है मेरा, फिल्म जिगरी दोस्त का गीत 'मेरे देश में पवन चले पुरवाई मेरे देश को देखने दुनियाआई' आदि कई मशहूर एकल गीत गाए जिन्हें संगीत प्रेमियों के लिए भुलाना मुश्किल है. मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर आशा भोंसले सुमन कल्याणपुर जैसी मशहूर गायिकाओं के साथ भी युगल गीत गए जो काफी लोकप्रिय रहे।

लता मंगेशकर के साथ गए उनके गीतों में फिल्म इज्जत का गीत यह दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं÷ फिल्म आप आए बहार आई का गीत ÷मुझे तेरी मोहब्बत का सहारा मिल गया होता। फिल्म मन की आंखों का गीत ओ जाने वाले आजा तेरी याद सताए, आदि कई मशहूर गाने युगल गीतों में आज भी याद किए जाते हैं।

मेट्रो एंकर

अधिवक्ता संघ चुनाव अंतिम दौर में माह के अंत में हो सकते हैं चुनाव

अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार शामिल, मजबूत मानी जा रही है चौबे की दावेदारी

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

सिवनी मालवा नर्मदा पुरम जिला न्यायालय में अधिवक्ता संघ के चुनाव की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। इसी माह के 30 दिसंबर तक चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए मतदाताओं की सूची जो यहां से जबलपुर कोर्ट भेजी गई थी वह वापस आ गई है। इस सूची में कुछ नाम जोड़ने या काटने की प्रक्रिया के लिए इसे भेजा गया था जो की अब कोर्ट में वापस आ गई है। स्टेट बार काउंसलिंग के पत्र के अनुसार सूची को संशोधित किया गया है। जल्द ही अधिवक्ता संघ के चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है और यहां माह के अंत में चुनाव प्रक्रिया कराई जा सकती है। इधर जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। क्योंकि इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव में सीनियर और जूनियर दोनों वर्ग के अधिवक्ता अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

अनेक अधिवक्ताओं के नाम जुड़े

अधिवक्ता संघ के चुनाव की प्रक्रिया अब तेज कर दी गई है। अधिवक्ताओं के नाम जो हटा दिए गए थे या किसी अन्य जगह नाम जुड़ गए थे ऐसे अधिवक्ताओं की संख्या कम थी। वहीं 50 नए अधिवक्ताओं के नाम जोड़े गए हैं। कोर्ट में विंटर वेकेशन 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक है , इसलिए चुनाव जनवरी माह में ही होने की संभावना थी लेकिन अब ऐसा कहा जा रहा है कि इसी माह चुनाव कराया जा सकते हैं। इसके लिए संघ द्वारा तैयारी की जा रही है। इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर चर्चा काफी हो रही है। चुनाव में अध्यक्ष से लेकर सचिव आदि पद के लिए अधिवक्ता चुनाव मैदान में हैं।



अध्यक्ष बन सकते हैं वरिष्ठ अधिवक्ता

अधिवक्ता संघ के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नाम भी लिए जा रहे हैं। इसके साथी सचिव सहित अन्य पदों के लिए भी उम्मीदवार में चहल-पहल शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे का नाम चल रहा है। श्री चौबे तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं और इनका कार्यकाल अच्छा रहा। दीपक जैन सहित अन्य अधिवक्ताओं के नाम भी अध्यक्ष पद के लिए चल रहे हैं। चौबे ने हमेशा अधिवक्ता संघ के कार्यकाल के अलावा वकीलों के हितों में अनेक कार्य किए हैं और उनकी विनम्रता और शालिनता और विभाग में छवि से सब परिचित हैं। चौबे वरिष्ठ होने के साथ अनुभवी अधिवक्ता है इसलिए अध्यक्ष पद के लिए उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।



राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
देवी जागरण
भजन संध्या, सुंदरकाण्ड
अखंड रामायण, देवी जस एवं महिला संगीतमय
किसी प्रकार के संगीतमय प्रोग्राम के लिए सम्पर्क करें


Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
All type of Planning Work
Residential, Commercial & Industrial Projects
Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, E-Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)
8319503068

तरवारिया में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को दी जानकारी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को ग्राम पंचायत तरवारिया में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। जिसमें न्यायधीश सुश्री अपूर्वा ताम्रकार ने उपभोक्ताओं उनके अधिकार बताएं, और कोई भी सामग्री खरीदे तो उसका पक्का बिल ले,और यदि सामान खराब निकालने के बाद फ्रॉड होता है तो न्यायालय जा सकते हैं और महिला कानून की जानकारी दी विधिक सेवा प्राधिकरण के वारे में बताया की किस तरह आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया निशुल्क अधिवक्ता कर सकते हैं विभिन्न वर्गों के लिए निशुल्क कानूनी सहायता के साथ घरेलू हिंसा से बचने के बारे में बताया, वॉलटियर रामबाबू कुशवाह के द्वारा उपस्थित जनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कब्रिस्तान से अतिक्रमण एवं गंदगी हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिरोंज। कब्रिस्तान प्रबंधन कमेटी एवं गद्दी समाज के लोगों द्वारा हाफिज शम्स कमर कवि गोरी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक गद्दी समाज के लोगों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के नाम उनकी अनुपस्थिति में मीना बाबू को एक ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में लेख किया है कि बासौदा रोड स्थित बलेज पेट्रोल पंप के सामने मुस्लिम गद्दी समाज के पुराने कब्रिस्तान है जिन पर कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है और अवैध रूप से टपरे डालकर निवास भी बना लिया है। जिसकी समस्त गंदगी कब्रिस्तान में जाती है। नगर पालिका सिरोज द्वारा जो अतिक्रमण हटाया जा रहा है उसमें कुछ लोगों द्वारा दुकानों को अस्थाई रूप से पीछे कब्रिस्तान की बाउंड्री के अंदर रख लिया गया है जो कि अवैध है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि कार्यवाही कर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए एवं टपरे में निवासरत लोगों को अन्यत्र विस्थापित किया जावे। इस दौरान अशरफ दाऊद अमीर माविया मोहम्मद आसिफ कदीर कासिम शमीम नदीम आदि लोग उपस्थित रहे।

एसडीएम के निर्देश के बाद प्रशासन एक्शन में, शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों से कब मिलेगी मुक्ति

नवाबों के जमाने के कुएं, घाट की साफ सफाई शरू, विधायक ने किया निरीक्षण



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

दूसरी पारी में विधायक का रूप भी बदला हुआ दिखाई दे रहा है शहर के विकास को तेज गति प्रदान करने के लिए लगातार एक्शन मूड में दिखाई दे रहे हैं। एक दिन पहले दिए निर्देश के बाद उसको धरातल उतारने के लिए अधिकारी भी काम करते हुए नजर आ रहे हैं। रविवार को एसडीएम हर्षल चौधरी , नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने सुबह कांजी घाट पर पहुंचकर साफ-सफाई कर जमीन को समतल करवाया सीमांकन के बाद अतिक्रमण धारी पर कार्रवाई करने की बात भी कई इसके अलावा यहां पर पड़े कचरे और गंदगी के साथ अन्य सामान को हटाने का काम भी किया। साथ ही यहां पर प्राचीन जल स्त्रोत के रूप में कुआं है उसके आसपास की भी साफ सफाई करवाई गई ।

लोगों ने अवैध रूप से कर लिया है अतिक्रमण

आसपास कई लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है उसको मुक्त करवाने के लिए भी सीएमओ ने साथ एसडीएम से कहा कि यहां कि नपति कर कर हमें अपनी सीमा बता दे इसके उपरांत हम अतिक्रमण को हटवा देंगे इसके बाद यहां पर जो भी काम होना है उसको को भी जल्दी ही करवाया जाएगा विधायक ने एक दिन पहले यहां का जायजा लेकर अधिकारियों को सत्य निर्देश देते हुए कहा कि जो भी निर्माणकारी पहले से मंजूर है उनको जल्दी से जल्दी करवाया जाए जिनका अतिक्रमण उसको भी हटाया जाए पुराने कुओं की साफ सफाई भी करवाई जाए कम नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करके उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्यों को धरातल पर यथाशीघ्र पूर्ण करवाना है उसके बाद दोनों अधिकारी अपने काम में तेज गति से जुड़ गए हैं। इस गति से यदि काम हुआ तो शहर की सूरत भी बदल सकती है । विधायक के पिछले कार्यकाल में अधिकारियों के ढीले रवि के कारण स्वीकृति के बाद भी बड़ी संख्या में काम धरातल पर नहीं हो पाए थे इस वजह से वहां काम अभी भी पड़े हुए हैं।

बाजार की सड़के हुई गढ़ों में तब्दील -

शहर के मुख्य बाजार में आने जाने वाली अधिकांश सके जगह-जगह से छतिग्रस्त होकर गढ़ों में तब्दील हो गई है। इनमें से अधिकांश मार्ग नगर पालिका परिषद के द्वारा बनवाई गई एवं छतरी नाके से लेकर कस्टम पथ तक की सड़कें पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनवाई गई है। वही पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनाई गई सड़क की कई वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण एक सड़क जगह से गढो में तब्दील हो गई इस वजह से यहां से आने-जाने में वाहन चालकों को परेशानी होती है वाहनों में टूट-फूट भी में हो रही है। इसके अलावा जिन सड़कों का निर्माण नगर पालिका परिषद के द्वारा करवाया गया है। जिस समय इन सड़कों पर सीसी हो रही थी उस समय तत्कालीन अधिकारियों ने घटिया काम होने के बाद भी ध्यान नहीं दिया आंखें बंद कर ली ठेकेदारों ने घटिया पदार्थ का उपयोग करके सड़के बनाकर खाना पूर्ति कर दी इस वजह से यह सड़क सड़क चंद दिनों के बाद ही गढ़ों में तब्दील हो इस वजह से दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन चलाना इतना रास्तों से कठिन काम हो गया वाहनों की हालत भी हर दिन खराब हो रही है जल्दी ही इन सभी मार्गों की मरम्मत भी होनी चाहिए।

कस्टम से बाडढ चौराहा की सड़क का होगा पुनर्निर्माण

ठेकेदार की लापरवाही से चांद दिनों में ही सड़क गढ़ों में तब्दील हुई थी इस वजह से बाढ़ चौराहा से लेकर कस्टम पथ तक जाने वाली सड़क इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि यहां से पैदल चलना भी मुश्किल होता है। दोपहिया वाहन चलाने में मुश्किल होती है । जब से सड़क का निर्माण हुआ तभी से यहां पर से आने-जाने में परेशानी हो रही लगातार शिकायतों के बाद भी तत्कालीन अधिकारी में कोई ध्यान नहीं दिया खस्ता मार्ग से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा ई टेंडर करवाया गया है। एक बार फिर से सड़क का निर्माण होगा तब जाकर नगर वासियों और इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खस्ता रास्ते से निजात मिल पाएगी इसी तरह अन्य मार्गों की भी मरम्मत हो जाए तो नगर वासियों को गड्डु से मुक्ति मिल जाएगी।

इनका कहना है-

शहर की सड़क जगह से गढो में तब्दील हो गई है छतरी से लेकर बाजार तक जाने में बहुत परेशानी होती है वाहनों में भी टूट हो रही है इनकी मरम्मत होनी चाहिए।

राजीव जैन व्यापारी

कस्टम पथ से बाजार जाने वाली सड़क का री टेंडर लगवाया गया है साथ ही छतरी नाके जाने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है विधायक महोदय इस सड़क को बनवाने के लिए आग्रह किया है।

*राम प्रकाश साहू **नगर पालिका अधिकारी सिरोंज***

श्मशान घाट की जगह पर जेसीबी चलाने से हुआ विवाद समिति के लोग पहुंचे थाने

सिरोंज। बासौदा नाका पर स्थित श्मशान घाट की जमीन को गलत तरीके से रजिस्ट्री करने का मामला कोर्ट में चल रहा है। एक पहले प्रशासन ने यहां पर अतिक्रमण करने के बाद जेसीबी चलाने का काम था रविवार को सुबह-सुबह सूत्रों के अनुसार जिस व्यक्ति ने गलत तरीके से रजिस्ट्री कराई है उसके द्वारा अपने लड़के को और जेसीबी भेजकर यहां पर खुदाई प्रारंभ करवा दी जिसमें बच्चों की हड्डियां आदि निकल आई ऐसा आरोप लगाते हुए कचिया मसान समिति ने थाने में आवेदन भी दिया है। पहले तो यहीं पर काफी देर तक विवाद हुआ इसके बाद लोगों ने जबरन जेसीबी को यहां से भगा दिया तब उस दौरान भी काफी तीखी नोकझोंक हुई इसके बाद समिति के लोगों ने। थाने पहुंच कर पुलिस को आवेदन देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने फर्जी तरीके से शमशान घाट की जमीन खरीदी है उसके द्वारा यहां पर जेसीबी चलावने कर खुदाई करने का काम किया जा रहा था इस दौरान बच्चों की हड्डियां निकल आए कोर्ट में स्टे होने के बाद भी इस तरह से यहां पर जेसीबी चलवाई जा रही थी समिति के सदस्य अवधेश पाटीदार ने कहा कि शमशान घाट की जमीन पर कृष्ण मोहन मंगल का लड़का जेसीबी से खुदाई करवा था जिसमें आसपास के लोगों के द्वारा बच्चों को दफनाया जाता उनकी हड्डियां भी निकल आई थी इसका हमने विरोध किया तो जबरन जेसीबी चलवाई जा रही थी इसके बाद हमने लोगों ने विरोध करके जेसीबी को यहां से भगाया इस तरह से कोर्ट मैं प्रकरण चलने के बाद भी जेसीबी से खुदाई करने वालों पर कार्रवाई की मांग भी की गई हैं। दौरान बड़ी संख्या में समिति के लोग व आसपास के रहवासी मौजूद थे।

राष्ट्रीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विदिशा । राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विदिशा शहर के वार्ड क्रमांक 34 में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम का शुभांरभ विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन और शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि द्वय राकेश शर्मा और कैलाश रघुवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी ने भी सहभागिता निभाई है। जिला उपभोक्ता फोरम की अध्यक्ष श्रीमती शशिकला चंद्रा एवं फोरम के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने आयोजन के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए मतदाताओं के हको की जानकारी दी।

मेट्रो एंकर

उत्खन्नकर्ताओं में सांठगांठ, लाखों रूपये का राजस्व का नुकसान

आखिर किसकी शह पर अवैध उत्खन्न का खेल, जिम्मेदार मौन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

आसपास के क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोपरे कार्य जोरो पर है उत्खन्नकर्ता रात के अंधेरे एवं दिनदहाडे सरकारी भूमियों पर से कोपरे का उत्खन्न कर रहे है सरकारी भूमियां उत्खन्नकर्ता खोकला कर रहे है। उत्खन्नकर्ताओं को प्रशासन का डर बिल्कुल खत्म हो गया है जहां रात हुई उत्खन्नकर्ताओं ने जेसीबी मंगवाई और उत्खन्न शुरू कर दिया । एवं जो कोपरा निकला उसको दिनदहाड़े नगर में विकसित हो रही कालोनियों में डाला जा रहा है एवं जहा जहां नवीन मकान निर्माण हो रहे है उसकी भराई के कार्य के लिए कोपरा डाला जा रहा है । कोपरे का कारोबार इन दिनों जमकर हो रहा है उत्खन्नकर्ताओं को प्रशासन का डर बिल्कुल ही खत्म हो गया है और सरकारी भूमियों को तालाब बना दिया है बडे बडे गड्डे उत्खन्नकर्ताओं ने कर दिये है । लेकिन स्थानीय प्रषासन को बार बार अवगत कराने के बाद भी कोई कार्यावाही देखने को नही मिल है अब देखना यह है कि सौया हुआ प्रशासन कब जागेगा और उत्खन्न कर्ताओं पर कब कार्यावाही होगी।

अवैध उत्खन्न होने की वजह से प्रशासन को लाखो रूपये का नुकसान हो रहा है । बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों द्धारा इन खनन माफियों के खिलाफ कोई कार्यावाही नही की जा रही है । वही देखा जाए कि गुना आरोन रोड कांदीखेडी अन्य जगह जगह पर जमकर अवैध उत्खन्न किया जा रहा है। मगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्धारा इस और ध्यान नही दिया जा रहा है ।

अवैध कोपरा से भरे डंपर इन दिनों अवैध कालोनियों में ज्यादा जाता हुआ दिखाई दे रहा है जिससे कोपरे व मुरम की डिमांड ज्यादा बड रही है मगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यावाही करते हुए दिखाई नही दे रहे है । जहां देखा जाए कि नगर में अवैध कालोनियों का सिलसिला जारी है कालोनियों मे इन दिनों अवैध कोपरा व मूरम रोड के कार्य करने में काम आता है। यह कोपरा व मूरम दिनदाहाडे अवैध कालोनियों में जा रहा है मगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस और बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहे है जिससे अवैध उत्खन्न दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है । गौरतलब हो कि अगर समय जों प्रशासन को लाखों रूपये का नुकसान हो रहा है उसे बचाया जा सकता है।

विकसित कालोनियों में डाला कोपरा की क्या होगी जांच

स्थानीय पशासन चाहे तों जो नगर मे विकसित कालोनियां संचालित हो रही है इनमे अधिक मात्रा में कोपरा डाला जा रहा है इन कालोनाइजर से यह पूछा जाए कि यह कोपरा कहां से खरीदा गया है इसकी रायल्टी है के नही इससे जग जाहिर हो जाएगा कि बगैर लीज कराऐ ही कोपरा बेचा जा रहा है और लाखो के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है अगर जांच की जाए तों जो इस कार्या मे लिप्त है उनपर कार्यावाही की जा सकती है ।

निर्माणधीन प्लाटों की भराई में डाला जा रहा है कोपरा

हमारे प्रतिनिधि द्धारा कवरेज के दौरान देखा कि कुरवाई बायपास रोड पर एक निर्माणधीन मकान की भराई के लिए कई डंपर माल कोपरे के डले हुए पड़े थे और भी डंपर डाले जाएगे इससे अंदाजा लगाया जा कता है कि किस रफ्तार के साथ दिन दहाड़े बायपासो पर अवैध कोपरा डाला जा रहा है जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन को नहीं है और अवैध उत्खन्न का कार्य कितनी गति के साथ किया जा रहा है ।

घटिया दवाईयां आपकी सेहत को नुकसान पहुँचा सकती है
90 वर्षों से महिलाओं का No.1 टॉनिक हेमपुष्पा ही लें
असरदार व भरोसेमंद
महिलाओं का No.1 टॉनिक
✓ कठिन दिनों के दर्द व तकलीफें
✓ भूख न लगना
✓ खून की कमी (हिमोग्लोबिन)
✓ चिड़चिड़ापन
✓ थकान, घबराहट, कमज़ोरी
✓ खून साफ़ करे
✓ हथेली व तलवों की जलन
✓ रुप निखारे
✓ महिला हार्मोन्स की गड़बड़ी
No.1
हेमपुष्पा
मिलती-जुलती पैकिंग व विज्ञापन से भ्रमित न हों, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें

कोच द्रविड़ ने कहा- हमें वर्ल्ड कप की हार भुलानी ही होगी, विकेटकीपर केएल राहुल के पास कुछ अलग करने का मौका

मुंबई, एजेंसी

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से खेला जाना है। मुकाबले से पहले भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कन्फर्म किया है कि केएल राहुल ही टेस्ट सीरीज में विकेटकीपिंग करेंगे। केएस भरत के अलावा ईशान किशन भारतीय स्क्वाड में थे, लेकिन वे मेंटल हेल्थ ब्रेक पर चले गए और सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। वर्ल्ड कप की हार से जुड़ा सवाल पूछे जाने पर द्रविड़ बोले - हम इसे भूला कर अब आगे बढ़ चुके हैं। द्रविड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मैं इसे एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखता हूं, उनके लिए निश्चित रूप से कुछ अलग करने का अवसर है। जाहिर है, ईशान के उपलब्ध नहीं होने के कारण यह मौका आया, हमारे पास चुनने के लिए कुछ कीपर थे और राहुल उनमें से एक है। हमने केएल राहुल से चर्चा की थी और वह बहुत आश्वस्त थे और इसे आगे बढ़ाने के इच्छुक थे। द्रविड बोले - वर्ल्ड कप में हम हार गए, यह निराशाजनक है, लेकिन हम इसे भूला कर अब आगे बढ़ चुके हैं। हमें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जाता है, हम बचपन से ही यह करना सीखते हैं। हर बार जब आप आउट होते हैं, तो आप निराश होते हैं, आपके पास खेलने के लिए एक और पारी होती है, आपको अगली पारी में प्रदर्शन करना होता है, इसलिए आप पुरानी निराशा को अपने साथ नहीं रहने दे सकते। क्रिकेटर होने के नाते आप बचपन से ही सीखते हैं कि इससे कैसे निपटना है। यदि आप निराशा को अपने साथ रहने देते हैं, तो इसका असर अगले गेम में आप पर पड़ेगा। विराट कोहली पहले टेस्ट मैच से पहले साउथ अफ्रीका वापस लौट गए हैं। दो दिन पहले कोहली पारिवारिक कारणों से भारत लौट आए थे।

दो स्पिनर और तीन पेसर के साथ उतर सकता है भारत

मैच में टीम कॉम्बिनेशन पर पूछे जाने पर द्रविड ने कहा, हम निर्णय लेंगे लेकिन हमारे पास क्या कॉम्बिनेशन है। अगर हम चाहें तो हम दो स्पिनर और तीन सीमर और शायद चार सीमर खेल सकते हैं। हमारे पास टीम में संतुलन है लेकिन आप मौसम को नियंत्रित नहीं कर सकते। मौसम पर कॉम्बिनेशन निर्भर करता है। द्रविड़ ने आगे कहा हम समझते है कि राहुल को टेस्ट में विकेटकीपिंग का अनुभव नहीं है, लेकिन वनडे क्रिकेट में राहुल नियमित रूप से विकेटकीपिंग कर रहे हैं। उन्होंने पिछले पांच से छह महीनों में अच्छी तैयारी की है, उन्होंने काफी कीपिंग की है। द्रविड़ ने कहा, साउथ अफ्रीका की पिच स्पिन फ्रैंडली नहीं है। यहां ज्यादातर फास्ट बॉलिंग होगी। इससे राहुल को विकेटकीपिंग करने में आसानी होगी। आगे द्रविड़ बोले कि राहुल विकेटकीपिंग के साथ ही शानदार बल्लेबाज है, इससे हमें बहुत मदद मिलेगी।

अफ्रीका में टेस्ट जीते हैं, लेकिन सीरीज जीतना बाकी

इंडिया की दक्षिण अफ्रीका में पहली टेस्ट सीरीज जीत पर नजर

नईदिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम इन दिनों दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है। टी20 और वनडे के बाद अब 'टेस्ट' की बारी है। दो टेस्ट मैचों की यह सीरीज वो मौका है जिसमें या तो इतिहास बदल सकता है, या फिर बरकरार रह सकता है। हर बार के अफ्रीकी दौरे की तरह भारत इस बार भी अफ्रीका में पहली टेस्ट सीरीज जीत तलाश रहा है। ऐसा नहीं है कि अफ्रीका में मैच जीतना भारत के लिए मुश्किल रहा है, लेकिन असल लड़ाई सीरीज पर कब्जे की रही है।

पिछले पांच अफ्रीकी टेस्ट दौरों में से 4 में भारत ने कम से कम एक टेस्ट जीता, लेकिन चार बार उसने सीरीज गंवाई, जबकि एक बार मामला ड्रॉ पर समाप्त हो गया। हालांकि, इस बार बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले टीम के सामने कुछ सवाल जरूर हैं।

पेसर- प्रसिद्ध कर सकते हैं डेब्यू

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का खेलना लगभग तय है। ऐसे में तीसरे स्थान के लिए मुकेश कुमार और प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को चुनना होगा। विंडीज दौरे पर मुकेश कुमार खेले थे, लेकिन उनकी रफ्तार प्रसिद्ध से कम है। ऐसे में प्रसिद्ध को टेस्ट डेब्यू का मौका मिल सकता है।

टॉप ऑर्डर- नंबर-3 पर सिरदर्दी

2012 के बाद पहली बार विदेशी टेस्ट में रहाणे-पुजारा नहीं होंगे। ऐसे में नंबर-3 पर कुछ सवाल हैं। शुभमन ने करियर के 18 में से 16 टेस्ट में बतौर ओपनर खेले हैं। उनकी टक्कर यशस्वी से है, जिन्होंने पिछली 3 पारियों में 171, 57, 38 रन बनाए हैं। नंबर-3 पर पिछली 3 पारियों में शुभमन ने 6,10 और 29* रन बनाए हैं।

ऑलराउंडर- शार्दूल विकल्प

नंबर-8 पर भी चर्चा का स्कोप है। आर. अश्विन और शार्दुल ठाकुर में से किसी एक की टीम में जगह बनेगी। तेज गेंदबाजी की परिस्थिति देखते हुए शार्दुल टीम में आ सकते हैं, लेकिन टेस्ट के महान खिलाड़ियों में शुमार हो चुके अश्विन को छो?ना रोहित के लिए मुश्किल फैसला होगा।

विकेटकीपर - राहुल-भरत रेस में

मिडिल ऑर्डर में श्रेयस-जडेजा की जगह पक्की है। सवाल सिर्फ विकेटकीपर का है। कीपिंग के दो विकल्प राहुल और केएस भरत हैं। भरत खेलते हैं तो टॉप ऑर्डर बैटिंग कमजोर लगती है। राहुल खेलते हैं तो उछाल भरी पिच पर स्पेशलिस्ट कीपर की कमी खल सकती है। राहुल सिर्फ फर्स्ट क्लास मैच में बतौर कीपर खेले हैं।

एलिस्टेयर इंग्लैंड टीम के सबसे दिग्गज बल्लेबाज

मुंबई, एजेंसी

इंग्लैंड के क्रिकेट इतिहास में सबसे महान बल्लेबाजों में से एक एलिस्टेयर कुक आज 39 साल के हो गए हैं. उनका जन्म 25 दिसंबर, 1984 में हुआ था. एलिस्टेयर कुक का अंतरराष्ट्रीय डेब्यू भारत के खिलाफ 1 मार्च, 2006 को खेले गए एक टेस्ट मैच में हुआ था. वहीं, कुक ने अपना आखिरी टेस्ट मैच भी 7 सितंबर, 2018 को भारत के खिलाफ ओवल के मैदान पर खेला था. इस बीच में कुक ने टेस्ट क्रिकेट में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए. उन्होंने अपने करियर में कुल 161 मैच खेले, जिनकी 291 पारियों में कुल 45.35 की औसत से 12,472 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने कुल 26,562 गेंदों का सामना किया था, और इसलिए उनका स्ट्राइक रेट 46.95 का था. कुक ने अपने करियर में 33 शतक, और 57 अर्धशतक लगाए थे. इसके अलावा इंग्लैंड के इस ओपनर बल्लेबाज ने अपने करियर में कुल 5 बार दोहरा शतक भी लगाया था. उनका उच्चतम स्कोर 294 रनों का रहा था. फर्स्ट क्लास करियर के लिए भी जाने जाते हैं.

दुनिया के एक महान टेस्ट ओपनर थे

कुक ने वनडे फॉर्मेट में 3000 से ज्यादा रन बनाए थे, लेकिन उन्होंने अपना पूरा ध्यान टेस्ट फॉर्मेट में लगा दिया, और ज्यादा दिन तक वनडे क्रिकेट नहीं खेला था. कुक ने वनडे में 92 मैच खेले थे, जिनकी 92 पारियों में 36.40 की औसत, और 77.13 की स्ट्राइक रेट से कुल 3204 रन बनाए थे. कुल ने 5 शतक, और 19 अर्धशतक लगाए थे. कुक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 2018 यानी महज 33 साल की उम्र में ही संन्यास ले लिया था, क्योंकि वह काउंटी क्रिकेट पर पूरा ध्यान देना चाहते थे. उन्होंने 2023 तक घरेलू क्रिकेट खेला और संन्यास लिया. कुक के इन रिकॉर्ड को देखकर आप समझ गए होंगे कि क्यों वह इंग्लैंड और दुनिया के एक महान टेस्ट ओपनर थे.

तमीम बोले - बीसीबी अध्यक्ष से बात करने के बाद करियर पर फैसला लूंगा

नईदिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने बोर्ड से अनुरोध किया है कि उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल न किया जाए।

पूर्व वनडे कप्तान तमीम ने पहले जोर देकर कहा था कि वह बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन से बात करने के बाद अपने इंटरनेशनल करियर पर फैसला करेंगे। तमीम ने आखिरी बार भारत में वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के दौरान बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था। तमीम ने 2023 में केवल 12 मैच ही खेले। 34 साल के खिलाड़ी ने टॉप अधिकारियों और टीम मैनेजमेंट के साथ असहमति के बाद खुद को वर्ल्ड कप में सिलेक्शन से भी बाहर रखा। वहीं, वे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के साथ-साथ मौजूदा न्यूजीलैंड दौरे में भी शामिल नहीं हुए। तमीम ने पिछले महीने अपना रुख साफ कर दिया था कि वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखेंगे। तमीम ने कहा कि उसकी अपनी योजना है और इसलिए उसने हमसे उसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट में शामिल नहीं करने का अनुरोध किया है।

ऑस्ट्रेलियाई बैटर ख्वाजा की अपील में खारिज

दुबई, एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने गाजा में छाए मानवीय संकट पर जागरूकता फैलाने की उस्मान ख्वाजा की नई कोशिश नामंजूर कर दी है। काउंसिल ने ख्वाजा की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें वे अपने बल्ले और जूतों पर कबूतर और जैतून की शाखा की छवि प्रदर्शित करना चाहते थे। लेफ्टी बैटर ने पाकिस्तान के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहे बॉक्सिंग-डे टेस्ट के दौरान अपने बैट और जूतों पर इजराइल-हमास जंग से जुड़े मैसेज लगाने की अनुमति मांगी थी। ख्वाजा ऑस्ट्रेलियाई टीम की प्रैक्टिस के दौरान अपने बैट और जूते पर जैतून की शाखा पकड़े हुए काले कबूतर का लोगो पहनकर अभ्यास करने उतरे थे।

मेट्रो बाजार

पेटीएम के बुरे दिन! अब 10 पर्सेंट कर्मचारियों की हुई छंटनी

नईदिल्ली, एजेंसी

फिनटेक स्टार्टअप पेटीएम एक बार फिर से गलत कारणों से चर्चा में है. ऐसी खबरें आ रही हैं कि पेटीएम ने एक बार फिर से अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला लिया है. खबरों के अनुसार, पेटीएम ने इस छंटनी में अपने कुल कर्मचारियों के करीब 10 फीसदी हिस्से की छुट्टी कर दी है. ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस बार 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है. ईटी की रिपोर्ट में मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ये छंटनी पिछले कुछ महीने के भीतर हुई है और इसमें पेटीएम की विभिन्न यूनिट के कर्मचारी शिकार हुए हैं. बताया जा रहा है कि पेटीएम ने यह छंटनी अपनी कॉस्ट कम करने के लिए और अपने विभिन्न व्यवसायों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए की है. पेटीएम की इस छंटनी में उसके कुल वर्कफोर्स के करीब 10 फीसदी हिस्से पर असर पड़ा है. इसे किसी भी भारतीय स्टार्टअप में अब तक की हुई सबसे बड़ी छंटनी में से एक माना जा रहा है. स्टार्टअप कंपनियों के लिहाज से 2023 भी ठीक साल नहीं साबित हुआ है. इस साल भारतीय स्टार्टअप ने पहली तीन तिमाहियों में 28 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की. इससे पहले साल 2022 में स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार से ज्यादा और 2021 में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी. फिनटेक सेक्टर में देखें तो जेस्टमनी इस महीने के अंत तक बंद होने वाली है. पेटीएम की बात करें तो उसके लिए बुरी खबरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. इससे पहले रिजर्व बैंक ने अनसिक्योर्ड लोन पर नियामकीय सख्तियां की, जिसका असर पेटीएम पर भी हुआ.

ओप्पो ए 59 फाइव जी स्मार्टफोन भारत में लॉन्च

मुंबई, एजेंसी। टेक कंपनी ओप्पो ने भारत में नया लो बजट स्मार्टफोन ओप्पो 59 5त्र लॉन्च कर दिया है। स्टाइलिश लुक वाले इस मोबाइल में 6.56 इंच डिस्प्ले के साथ 5000 एमएच की बैटरी दी गई है। बजट फ्रेंडली फोन के डिजाइन की बात करें तो इसका स्लिम बॉडी डिजाइन हाथ में आरामदायक लगता है, जिससे फोन को एक प्रीमियम लुक मिलता है। ये स्मार्टफोन ओप्पो 58 की जगह लेगा। कंपनी ने इसे दो मेमोरी वैरिएंट में पेश किया है। इसके बेस मॉडल 4 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज की कीमत 14,999 रुपए है। वहीं, फोन के बड़े वैरिएंट 6 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज की कीमत 16,999 रुपए है। इस ओपो मोबाइल में सिल्क गोल्ड और स्टार ब्लैक कलर ऑप्शन मिलेंगे। बायर्स फोन को 25 दिसंबर, 2023 से ई-कॉमर्स वेबसाइट्स, ओप्पो की ऑफिशियल वेबसाइट और ऑफलाइन रिटेल स्टोर से खरीद सकेंगे। ओप्पो फोन पर न्यू ईयर ऑफर दे रही है।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

संदीप और कार्तिक एक समय में बेस्ट फ्रेंड्स हुआ करते थे

मैरी कॉम, अलीगढ़, सरबजीत और झुंड जैसी फिल्मों में अपने योगदान के लिए पहचाने जाने वाले फिल्म प्रोड्यूसर संदीप सिंह ने कार्तिक आर्यन के करियर के शुरुआती दिनों के बारे में एक दिलचस्प कहानी शेयर की। संदीप ने बताया कि तकरीबन 10 साल पहले उन्होंने एक कॉमन फ्रेंड के तौर पर कार्तिक आर्यन को डायरेक्टर संजय लीला भंसाली से मिलवाया था। उस दौरान संजय लीला भंसाली ने कार्तिक आर्यन की वॉक (चाल) को भी सही किया था। सिद्धार्थ कानन के साथ एक कन्वर्सेशन में संदीप ने बताया कि कार्तिक से मिलने पर संजय सर ने एक्टर की वॉक पर एक सलाह देनी चाही। संजय सर ने कहा- तुम क्यों संजय दत्त की तरह चलते हो? यहां तक कि उन्होंने कार्तिक की चाल भी सही की। ये बात तकरीबन 10 साल पुरानी है। संदीप ने आगे बताया कि कार्तिक के शुरुआती संघर्ष के दिनों में वे और कार्तिक बेस्ट फ्रेंड्स हुआ करते थे। हालांकि बाद में परिस्थितियों के कारण उनकी दोस्ती में तनाव आ गया। संदीप ने कार्तिक को इंडस्ट्री के बारे में भी कई सुझाव दिए थे, खासतौर से जब वे सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे। यहां तक कि उन्होंने कार्तिक को दोस्तों के बारे में भी सलाह दी थी। संदीप का कहना था कि कार्तिक के दोस्त उनके सेलिब्रिटी स्टेटस की वजह से प्रभावित हो सकते थे।

बचपन से एक्टर बनने की ख्वाहिश थी

कार्तिक बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इसी वजह से कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वो क्लासेस बीच में छोड़कर फिल्मों के लिए ऑडिशन देने चले जाते थे। कार्तिक ने अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत कॉलेज के टाइम ही शुरू कर दी थी। जब कार्तिक कॉलेज के तीसरे साल में थे, तब उन्हें पहला फिल्मी ब्रेक मिला था। कार्तिक ने फिल्म प्यार का पंचनामा से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। बता दें, कार्तिक को पहली फिल्म के लिए 1.25 लाख रुपए मिले थे। प्यार का पंचनामा फिल्म में कार्तिक ने 4 मिनट का मोनोलॉग बोला था। उनका ये डायलॉग इतना हिट हुआ कि इस फिल्म से कार्तिक स्टार बन गए।

'फाइटर' से पहले भी अनिल कपूर संग काम कर चुके हैं ऋतिक



ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर मच अवेटेड फिल्म 'फाइटर' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है. इस फिल्म को अबतक की सबसे बड़ी एरियल एक्शन फिल्म बताया जा रहा है. अनिल कपूर की हालिया रिलीज 'एनिमल' भी बड़ी हिट साबित हुई है. अब जल्द ही वह ऋतिक के साथ फाइटर में भी नजर आने वाले हैं. इस फिल्म से ऋतिक और दीपिका पादुकोण भी पहली बार पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं. फिल्म में ऋतिक रोशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया के किरदार में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में एक्शन देखकर रौंगटे खड़े होने वाले हैं. इस एक्शन फिल्म में भी एनिमल की तरह अनिल कपूर का किरदार काफी दमदार होने वाला है. बीते दिन अनिल कपूर ने एक थ्रोबैक फोटो शेयर कर खुद इस बात की जानकारी दी कि वह अनिल कपूर के साथ पहले भी काम कर चुके हैं. ऋतिक रोशन ने बीते दिन अनिल कपूर के जन्मदिन पर एक फोटो शेयर की थी ये फोटो साल 1992 में आई अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की फिल्म 'खेल' के शूटिंग के दौरान की है. ये वो फिल्म थी जिसमें ऋतिक रोशन और अनिल कपूर ने साथ काम किया था. दरअसल, फिल्म 'खेल' में ऋतिक ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था. और अब वह उनके साथ पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं.

फेस्टिवल में शामिल होने के लिए ऑटो-रिक्शा ने पहुंचे एआर रहमान

म्यूजिक के मैजिशियन एआर रहमान इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम है। संगीत के साथ-साथ एआर रहमान अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए भी मशहूर हैं। इतना स्टारडम मिलने के बावजूद भी वह एक सिंपल लाइफ जीना पंसद करते हैं. वहीं एक बार फिर उन्होंने इसका उदाहरण देकर लोगों का दिल जीत लिया है. हाल ही में एआर रहमान को नागोर दरगाह पर स्पॉट किया गया, जो अब चर्चा का विषय बन चुका है. दरअसल, कंदुरी उत्सव में भाग लेने के लिए संगीतकार एक ऑटो-रिक्शा में वहां पहुंचे। यहां पहुंचे के बाद उन्होंने नागोर दरगाह का दौरा भी किया. इस दौरान वह मैरून कलर के कुर्ता में दिखें। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं. फैंस को एआर रहमान का यह सादगी भरा अंदाज खूब पसंद आ रहा है. वायरल हो रही उनकी तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. मालूम हो कि एआर रहमान मद्रास के एक हिंदू परिवार में पैदा हुए थे. उनका नाम दिलीप कुमार था. लेकिन 23 की उम्र में उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया। एआर रहमान को संगीत अपने पिता आरके शेखर से विरासत में मिला. जब रहमान नौ साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया। आर्थिक हालत ठीक नहीं होने पर उन्होंने अपने परिवार के वाद्ययंत्र बेच दिए।

देर रात पुलिस ने दर्ज किया काउंटर प्रकरण, एक की हालत नाजुक

एडमिशन में कमीशन की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद, युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

एडमिशन में कमीशन की बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी में चाय की दुकान के पास की है। इस विवाद में एक युवक को चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई हैं और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिपलानी पुलिस ने तीन आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से भी मारपीट, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 41 साल का मोहम्मद समीम सिद्धार्थ नगर, पिपलानी में रहता है। मूलतः बिहार निवासी समीम ने पुलिस को बताया कि 30 वर्षीय अविनाश आनंद उसका दोस्त हैं और उसके घर के पास ही रहता है। रविवार शाम अविनाश आनंद के साथ वह इंद्रपुरी में चाय की दुकान पर खड़ा था, तभी मुस्तफा, विकास कुमार जिलानी अपने साथी वसीम के साथ चाय की दुकान पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। समीम ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में चाकू बाजी भी हुई?थी। इस चाकूबाजी में अविनाश आनंद को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने समीम की शिकायत पर मुस्तफा, विकास कुमार और वसीम के खिलाफ हत्या के प्रयास मारपीट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसी प्रकरण मुस्तफा की शिकायत पर अविनाश आनंद, समीम, मुवीन समेत साबिर के खिलाफ, मारपीट गालीगलौज और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि दोनों पक्ष बिहार के रहने वाले हैं और एक युवती का कॉलेज में एडमिशन कराने के बाद कमीशन की बात को लेकर उनका विवाद हुआ था।

5 हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। टीला जमालपुरा पुलिस ने इनामी बदमाश मोनू राजपूत को गिरफ्तार किया है। आरोपी मारपीट के मामले में पिछले चार माह से फरार चल रहा था। उस पर पुलिस ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया।

इलेक्ट्रिक ऑटो पलटने से घायल ड्राइवर की मौत

भोपाल। कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी चौराहा से डिपो चौराहा की तरफ जा रहा इलेक्ट्रिक आटो पटल गया। घटना गत 12 दिसंबर की बताई जा रही है। ई आटो पलटने से घायल ड्राइवर का एम्स में इलाज चल रहा था। वहां इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत को गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

फाइल फोटो

पुलिस ने बताया कि मोहम्मद जाकिर पिता मोहम्मद सब्बीर (43) झरनेश्वर कॉलोनी, टीटी नगर में रहता?था और ई ऑटो चलाता था। गत 12 दिसंबर को वह पीएनटी चौराहा से डिपो चौराहा की तरफ जा रहा था, तभी उसका ऑटो पलट गई। घटना के समय ऑटो की रफ्तार ज्यादा थी और रफ्तार में उसने ऑटो टर्न कर दिया था। आटो पलटने से ऑटोट की बॉडी में दबने के कारण उसे गंभीर चोट आई?थी। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमीदिया अस्पताल से परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान कल रविवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

क्रिसमस का उल्लास

राजधानी में देर रात से चर्चों में क्रिसमस का उल्लास शुरू हो गया है।

एकलव्य आदर्श स्कूल

प्रवेश के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्याल
फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसमें कक्षा 6वीं की 8447 सीटों के लिए 11 फरवरी को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों की प्रवेश परीक्षा के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। यह परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे होगी, जिसके प्रवेश पत्र 29 जनवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके लिए छात्र विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कारें गायब करने वाले गिरोह का फरार जालसाज गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद पुलिस ने ट्रेवल्स कंपनी बनाकर लोगों की कारें लेकर फरार होने वाले गिरोह के फरार जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दो कार समेत 1 बाइक बरामद की है। गिरोह में शामिल दो आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरोह अपनी कंपनी में किराए से कार लगाने के लिए सोशल मीडिया में विज्ञापन देता है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज का उपयोग करते हैं।

फाइल फोटो

पुलिस के मुताबिक, शिकायत मिली थी कि मोनिस नायर का व्यक्ति लोगों की गाड़िया किराए पर लेकर गायब कर देता है। वह ना मालिक को किराया देता ना ही गाड़ी वापस करता है। पुलिस ने आरोपी मोनिस नायर को पूर्व में गिरफ्तार किया था। उसने बताया था कि वह अपने दो साथी आशीष उर्फ आसू एवं नितिन सोनी के साथ मिलकर इनोवेटिव सेल्फ ड्राइव रेंटल कार्स एण्ड ट्रेवल के नाम से कम्पनी बनाई है। कंपनी में गाड़ी लगाने का झांसा देकर वह गाड़ियों को गायब कर देता है। इन वाहनों को वह अलग-अलग शहरों में बेच देता है। जो वाहन नहीं बिकते उन्हें गिरवी रख देता है। मामले में फरार आरोपी आशीष उर्फ आसू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि नितिन सोनी अब भी फरार है।

मोबाइल पर बातचीत कर रही महिला से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल लूटा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित पत्रकार कॉलोनी एनएचएम आफिस के सामने बाइक सवार लुटेरो ने महिला का मोबाइल झपट लिया। घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास की है।

फाइल फोटो

महिला ने शनिवार दोपहर पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरो की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रेखा बाग पति कपिल बाग (32) पंचशील नगर में रहती हैं और प्राइवेट काम करती है, जबकि उनके पति कपिल एंबुलेंस चलाते हैं। गत शुक्रवार रात वह आटो से घर जाने के लिए निकली थी। आटो पत्रकार कॉलोनी के पास रुका और वह पैदल पंचशील नगर की तरफ जाने लगे। इसी दौरान उनके पति का कॉल आया। वह पूछने लगे कि घर पहुंची की नहीं, तभी पीछे से आ रही बाइक पर सवार दो लुटेरो में पीछे बैठे लुटेरे ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही लुटेरे तेजी से बाइक चलाते हुए पंचशील नगर की तरफ भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है।

मेट्रो एंकर | पति की प्रताड़ना से दुखी होकर मायके में पीड़िता, वहीं पहुंचकर कहा तीन तलाक

बेटी को जन्म देने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गांधी नगर थाना क्षेत्र में पति द्वारा तीन तलाक कहकर पत्नी से संबंध खत्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार अब्बास नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली 35 साल की महिला बैंक में नौकरी करती हैं। वर्ष 2017 में उनकी शादी में बैंक में साथ काम करने वाले कोहेफिजा निवासी शख्स से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा था। पति की जुल्मो-ज्यादती उस समय बढ़ गई जब करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। पति का कहना था कि वह बेटा चाहता था। इसी बात को लेकर वह महिला को परेशान करने लगा। तंग आकर पीड़ित कुछ समय से अपने मायके आकर रहने लगी थी। पीड़िता का कहना है कि पिछले दिनों पति कुछ लोगों के साथ उनके अब्बास नगर की कॉलोनी वाले घर आया और पीड़िता के माता-पिता के सामने तीन बार तलाक-तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी पति ने बाद में कजियात के तलाक के पेपर भी उसके पास भेज दिए।

Talaq
Talaq
Talaq
फाइल फोटो

पीटीआरआई में तांबे के स्तंभ चुराने वाला नाबालिग गिरफ्तार

भोपाल। पीटीआरआई में मंच के स्तंभ से तांबे के चार स्तंभ चुराने वाले एक नाबालिग और चोरी के स्तंभ खरीदने वाले कबाड़ी को जहांगीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्तंभ चुराने के बाद नाबालिग ने उक्त स्तंभ कबाड़ी को बेच दिए थे।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को पीटीआरआई जहांगीराबाद भोपाल में मंच के स्तंभ चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक संदिग्ध बोरे में कुछ ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने संदिग्ध के बारे में जानकारी जुटाई तो वह नाबालिग निकला। उससे पूछताछ की गई तो उसने चोरी की घटना को स्वीकार लिया। नाबालिग के बताए ठिकाने पर पुलिस कबाड़ी नसीम खान पिता (42) दुर्गा नगर, एमपीनगर के पास पहुंची, वहां से चोरी के स्तंभ बरामद कर लिए गए।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ
दावों का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में | आधुनिक तकनीक से उपज का बेहतर अनुमान

7 वर्षों की मुख्य उपलब्धियां
55 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त | 16.06 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को फसल मुआवजा का वितरण | ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का बीमा दावा भुगतान

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023

नई सुविधा: बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से अपने घर बैठे ऐड ऐप द्वारा करें फसल बीमा

फसल बीमा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल करें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें | जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022